खण्ड 8 संख्या 3

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

(भाग 1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

बृहस्पतिवार, तिथि 6 जनवरी, 1983।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर: | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या 23 एवं 27 | 1—7 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 433, 434, 435, 436, 437, 438 एवं 440। | 8—25 |
| परिशिष्ठ 1 एवं 2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) | 26—258 |
| दैनिक निबंध : | 259—260 |


टिप्पणी—किन्ही मन्त्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

(2) क्या यह बात सही है कि मनशाहा बनमंसी गांव तक 5 किलो मीटर सड़क बनायी गयी है, और आगे कार्य बन्द है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतायेगी कि इस सड़क के आगे का निर्माण कार्य क्यों ठप्प है, इस कार्य का आरम्भ पुनः कब किया जा रहा है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग—(1) प्रश्नाधीन पथ का 6 किलो-मीटर लम्बाई की स्वीकृति अक्टूबर 1980 में मिली है।

(2) इसमें 3 किलोमीटर लम्बाई में पक्कीकरण का कार्य कराया गया है तथा अन्य में सामग्री संचयन किया गया। निधि के अभाव में कार्य बंद है।

(3) निधि की उपलब्धि के आधार पर कार्य कराया जायगा।

---

सड़क को पूरा करना।

पथ-326. श्री जमुना सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बखरा में एक मानाईन रोड है जो सरकार के आदेश से 5 कि० मी० एवं विधायक कोटे से 5 कि० मी० पक्कीकरण का आदेश 1980 में हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में पथ निर्माण विभाग ने 1981-82 में कार्य प्रारम्भ किया परन्तु अधूरा ही छोड़ दिया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क के कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) पथ के 0 से 5 कि० मी० भाग में पक्कीकरण प्रगति में है। पांच से दस कि० मी० भाग में निधि के अभाव में पक्कीकरण कार्य आरम्भ नहीं हो सका है।

(3) निधि की उपलब्धता के अनुसार विधायक कोटा के अन्तर्गत स्वीकृत भाग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जायेगा।

---